बरेली, शुक्रवार
26 नवंबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

Page No. 07 : Middle

एसआरएमएस के 23 छात्रों का न्यूक्लियस साफ्टवेयर में चयन

इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के 23 विद्यार्थियों के साथ मौजूद शिक्षक • सौ. एसआरएमएस

बरेली: अग्रणी कंपनी न्यूक्लियस साफ्टवेयर द्वारा श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन के अंतिम वर्ष के 23 छात्रों का चयन हुआ। न्यूक्लियस साफ्टवेयर बैंकिंग व वित्तीय सेवा क्षेत्र में एक भारतीय आइटी कंपनी है। संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति ने बताया कि कोरोना के चलते जहां नौकरियां घट रही हैं, वहीं, एसआरएमएस में छात्रों को अच्छे पैकेज पर काम करने के अवसर मिल रहे हैं। छात्राओं की सफलता पर ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने सभी को बधाई दी। वि.

अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 26 नवंबर 2021
मार्गशीर्ष कृष्ण-सप्तमी
विक्रम संवत-2078

Page No. 08 : Middle

एसआरएमएस कॉलेज के 23 बीटेक विद्यार्थियों का न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर में चयन

बरेली। न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर ने एसआरएमएस ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थानों के बीटेक सीएसई, आईटी, ईसी इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के 23 छात्र-छात्राओं का चयन किया। न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में भारतीय आईटी कंपनी है। कंपनी का मुख्यालय नोएडा, उत्तर प्रदेश में है। चयनित विद्यार्थियों में 18 श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी और 05 विद्यार्थी श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नॉलोजी एंड रिसर्च के हैं। संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, डीन एकेडमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, टीएंडपी डायरेक्टर डॉ. अनुज कुमार ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।